Jirapur, Rajgarh (Madhya Pradesh): The Brahma Kumaris of Aawas Colony, Jirapur, held a program called ‘Road Safety Life Safety’, along with a motorcycle rally for Road safety through the entire city. This initiative was taken under the Azadi ka Amrit Mahotsav Project of Brahma Kumaris. BK Madhu, Incharge of Brahma Kumaris in Rajgarh, Prakash Purohit, MLA, Prof. Radha Vallabh Gupta, District President, Balram Taak, Head of Nagar Palika, BK Vaishali, BK Vijaylakshmi, BK Namrata, Incharge of Brahma Kumaris in Jirapur, were the Special Guests present on this occasion. BK Dipika presented a beautiful dance performance. The program was inaugurated with a candle lighting ceremony.

BK Madhu from Rajgarh said that there are various wings of RERF, including Travel and Transport Wing, that holds various programs. F**or controlling the vehicle, we need to control our mind first.** In the stressful times of today, nobody’s mind is peaceful. In such circumstances, accidents cannot be controlled. For this, we need to learn and practice Rajyoga daily. This will enable us to control our mind and its bad tendencies. We all must follow traffic rules.

Hazarilal Dangi, Former MLA, in his address said that our **PM Narendra Modi, has himself highlighted the role of Brahma Kumaris in Nation building, by going to Mount Abu. The Supreme Father Himself has placed the crown of knowledge on the head of Brahma Kumaris.**

Prakash Purohit, Janpad Head, said that underage driving is a crime. He said that such initiatives by Brahma Kumaris are held from time to time and will one day bring success.

Other guests also shared their views and urged everyone to follow traffic rules. A beautiful drama depicting value of patience in driving was also enacted. All the guests were presented with Godly gifts. BK Seema held a Rajyoga session with commentary.

A bike rally giving the message of road safety was taken out through the entire city, with roadside short dramas on following traffic rules. All the bikers participating in the rally were felicitated in the end.

News in Hindi:

जीरापुर (राजगढ़) : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विद्यालय आवास कॉलोनी जीरापुर द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अखिल भारतीय अभियान के अंतर्गत सुरक्षित भारत “सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा” एवं सड़क सुरक्षा मोटरसाइकिल यात्रा विषय को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में राजगढ़ से संस्था प्रभारी बीके मधु दीदी पूर्व विधायक हजारीलाल दांगी , विधायक, प्रकाश पुरोहित जनपद अध्यक्ष, प्रोफेसर राधा वल्लभ गुप्ता जी, बलराम टाक नगर पालिका अध्यक्ष ब्रह्मा कुमारी वैशाली, ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी जीरापुर सेंटर

संचालिका बीके नम्रता दीदी उपस्थित रहे. सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्प भेंट कर,तिलक एवं बेच लगाकर किया गया. इसके पश्चात कुमारी दीपिका दंaगी द्वारा बहुत सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया.
भारतीय परंपरा अनुसार सभी सम्माननीय मंचासीन अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर किया. जिसमें राजगढ़ जिले से पधारी जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने कहा कि ब्रह्मा कुमारीज संस्था द्वारा अलग-अलग वर्ग की सेवाएं हेतु 20 प्रभाग बनाए हैं जैसे महिला प्रभाग सामाजिक प्रभाग सांस्कृतिक प्रभाग , व्यापारिक प्रभाग. . जिसमें से एक यातायात प्रभाग भी आता है जिसके अंतर्गत कई स्थानों पर इससे संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन संस्था द्वारा रखा गया है
इसी को लेकर जीरापुर में भी सुरक्षित भारत,सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, सड़क सुरक्षा मोटर साइकिल यात्रा का कार्यक्रम रखा गया है.
किसी भी साधन को(बाइक,कार...) कंट्रोल करने, दुर्घटनाओं से बचने के लिए सर्वप्रथम हमारा मन हमारे कंट्रोल में होना चाहिए ,शांत होना चाहिए इसके लिए हमें ईश्वरी ज्ञान अर्थात राजयोग से जुड़ने की आवश्यकता है क्योंकि नित्य ईश्वरीय ज्ञान श्रवण करने एवं राजयोग का अभ्यास करने से ही हम अपने मनोविकारो के ऊपर जीत पा लेते हैं और हम मनजीत सो जगतजीत बन जाते है क्योंकि इस तनाव भरे वातावरण में आज किसी का भी मन शांत एवं स्थिर नहीं है और जब तक हमारा मन हमारे कंट्रोल में नहीं होगा जब तक दुर्घटनाएं कम नहीं होंगी. साथ ही सड़क सुरक्षा के जो भी ट्राफिक नियम एवं कानून बने हुए हैं उनका हम पालन करें एवं अन्य को भी कराएं और उसी को ध्यान में रखते हुए आपके नगर जीरापुर में सड़क सुरक्षा मोटरसाइकिल यात्रा(रेली) निकाल कर सभी को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा व संदेश दिया जाएगा.
पूर्व विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी इसका मुख्यालय माउंट आबू जा कर यह निर्णय लिया की केवल और केवल यही वह ज्ञान गंगाये है
जो इस काम को बखूबी संभाल पाएंगे क्योंकि स्वयं भगवान ने भी ज्ञान कलश इन ज्ञानगंगा के ऊपर ही रखा है यह एक बहुत ही बड़ी बात है प्रकाश पुरोहित जनपद अध्यक्ष जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की पूरी जिम्मेवारी उनके माता-पिता के ऊपर होती है उनके द्वारा यदि कोई दुर्घटना होती है तो उनके माता-पिता को दंडित किया जा सकता है और आगे उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा समय प्रति समय कई सारे कार्यक्रम किए जाते हैं इनके छोटे छोटे प्रयासों से ही 1 दिन सफलता के शिखर पर पहुंचेंगे.

अन्य मंचासीन अतिथियों ने भी कार्यक्रम में अपनी शिव भावनाएं व्यक्ति की. इसी के बीच में यातायात नियमों का पालन करने हेतु बहुत सुंदर नाटक यमराज देवराज, धीरज, युवराज द्वारा किया गया जोकि उपस्थित सौजन्य द्वारा बहुत ही सराहा गया. इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट की गई. बीके सीमा ने कमेंट्री द्वारा शांति की अनुभूति कराई. कार्यक्रम का कुशल संचालन बीके सीमा ने किया. इसके पश्चात पूरे नगर जीरापुर में बाइक रैली द्वारा ट्रैफिक नियमों का पालन करने का संदेश दिया एवं बीच-बीच में ट्रैफिक से

संबंधित नुक्कड़ नाटक भी किए गए. जिले से आए सभी बाइकs का अंत मैं सम्मान किया गया एवं ब्रह्मा भोजन करा कर कार्यक्रम का समापन किया.